# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025



# शराब बॉटलिंग के लिए नकली स्टीकर उपलब्ध कराने वाले 3 आरोपी मुंबई से पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी फार्म हाऊस में शराब की बाटलिंग मामले में पुलिस लगातार कार्रवाई अभियान छेड़े हुए हैं। जिसके तहत गोवा शराब का नकली स्टीकर मुंबई से प्रिंट कर छत्तीसगढ़ भेजने के मामले में पुलिस ने तीन और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व पुलिस ने 16 आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई कर चुकी है।

ज्ञात हो कि 29 मार्च को थाना डोंगरगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब 432 पेटी कीमती 27,32670 रुपए एवं घटनास्थल से खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बंडल एवं अन्य सामग्री को जब्त करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली थी।

**पूर्व में 16 आरोपियों पर हो चुकी कार्रवाई :** घटना की गंभीरता को देखते पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर आरोपी की पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, जिस पर घटित विशेष टीम द्वारा इस मामला में अब तक फार्म हाउस मालिक सहित कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजी जा चुकी है। वहीं इस मामले में पुलिस अब भी होलोग्राम उपलब्ध कराने वाले आरोपी की तलाश कर रही है। बताया गया कि कई टीमों को आरोपी तक पहुंचने के लिए लगाया गया है। इसके साथ ही अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपियों से भी पुछताछ कर मामला सुलझाने की कोशिश जारी है।

## मुंबई से प्रिंट कर छग भेजते थे स्टीकर, इसके सहारे ही चल रहा था अवैध कारोबार

### मुंबई के रहने वाले तीनों

जिसके आधार पर आरोपी गणेश भोजने नकली स्टीकर तैयार कराने हेतु रोहिदास सातरडेकर एवं सूरज कदम मुम्बई निवासी से संपर्क किया, जिस पर आरोपी रोहिदास सातरडेकर एवं सूरज कदम मुम्बई निवासी ने गणेश भोजने को छग गोवा शराब का स्टीकर (लेबल) प्रिंट कर दिए थे, जिसे गणेश भोजने नागपुर निवासी चंदन ममतानी को दिया था। छग गोवा शराब के नकली स्टीकर उपलब्ध कराने वाले तीनों आरोपी को 16 अप्रैल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।




### स्टीकर बनवाने खाली शीशी भेजी


पुलिस के अनुसार मामले में पूर्व में गिरफ्तार चंदन ममतानी को छग गोवा शराब के स्टीकर उपलब्ध कराने वाले आरोपी गणेश भोजने की पता तलाश हेतु एक विशेष टीम मुम्बई रवाना किया गया, जहां विशेष टीम द्वारा छग गोवा शराब के स्टीकर उपलब्ध कराने वाले तीन आरोपी को पकड़ा गया। चंदन ममतानी छत्तीसगढ़ गोवा का नकली स्टीकर बनवाने हेतु गणेश भोजने के पास एक छग शराब के गोवा का खाली शीशी लेबल लगा हुआ भेजा था।

# घुमका की 400 एकड़ जमीन में 375 करोड़ रुपए से होगी औद्योगिक पार्क की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार के स्टेट इंडस्ट्रियल डेव्हलमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने राजनांदगांव जिले के घुमका तहसील के अंतर्गत ग्राम पटेवा और बिरेझर की चार सौ एकड़ जमीन में स्मार्ट औद्योगिक पार्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर अपनी हरी झंडी दिखा दी है। प्रदेश के विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल पर यहां इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर ईएमसी और स्पेस मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर एसएमसी के उद्योगो की स्थापना की जाएगी। औद्योगिक क्षेत्र के मामले में पिछड़े राजनांदगांव जिले को इस पार्क की स्थापना के साथ यहां कई आवश्यक सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सीएसआईडीसी के अध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव जिले को बड़ी सौगात दी है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों का उल्लेख करते हुए सीएम श्री साय ने राजनांदगांव जिले में औद्योगिक क्रांति लाने का ऐलान किया है। सूत्रों ने बताया कि राजनांदगांव में दो स्मार्ट औद्योगिक पार्क की स्थापना किए जाने की घोषणा की गई है। इसके लिए घुमका के पटेवा और बिरेझर गांव की करीब चार सौ एकड़ जमीन का चयन भी कर लिया गया है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि शासन द्वारा इस प्रस्ताव पर मुहर लगने के साथ ही अब शीघ ही इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



### 50 एकड़ में एसएमसी

घुमका के समीप बिजेतला गांव में अंतरिक्ष विभाग भारत सरकार की योजना के अंतर्गत स्पेस मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना 50 एकड़ जमीन में की जाएगी। परियोजना में 25 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके अलावा रायपुर में रेडीमेड गारमेंट पार्क और फर्नीचर क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। इस परियोजना में अंतरिक्ष तकनीकी उपकरणों और अत्याधुनिक यंत्रो के निर्माण का रास्ता खुलेगा।

### साढ़े तीन सौ करोड़ से ईएमसी कलस्टर

राज्य शासन ने पटेवा गांव में इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की योजना के अंतर्गत इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर ईएमसी 2 की स्थापना की जाएगी। यहां प्रोजेक्ट 322 एकड़ जमीन में किया जाएगा। परियोजना की लागत राशि करीब साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए आंकी गई है। इस परियोजना के माध्यम से सेमीकंडक्टर, विद्युत उपकरणों और इलेक्ट्रानिक चिप्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। यह उद्योग गतिविधियां क्षेत्र में निवेश लाएगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार



इस ऐतिहासिक निर्णय से राजनांदगांव जिले की पहचान पूरे देशभर में बनेगी। इलेक्ट्रानिक उत्पादों के निर्माण और स्पेश जैसी वैश्विक स्पर्धा में दुनिया के साथ कदम मिलाकर हमारा राजनांदगांव जिला आगे बढ़ेगा। औद्योगिक पार्क की स्थापना से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी मिलेगा। - **डॉ. रमन सिंह,** अध्यक्ष, विधानसभा

# चौक के पास सजी थी जुए की फड़ पुलिस की दबिश में सात पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चौक के पास एकत्र होकर लोग जुआ खेल रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सात लोगों को पकड़ा। आरोपियों से नगदी रकम एवं ताश पत्ती बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में 15 अप्रैल को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 7 आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई करने में सफलता मिली है ।

⏩ शेष पेज 14 पर

### आरोपियों पर कार्रवाई

रेड कार्रवाई के दौरान मौके पर 7 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ करने पर जिन्होंने अपना-अपना नाम इंदर भोजवानी पिता नंदलाल भोजवानी, प्रियांश घिडिया पिता किशन घिडिया, विजय भोजवानी पिता स्व. शीतल भोजवानी, वेनदास साहू पिता कृष्णादास साहू, संजय रूपचंदानी पिता अर्जुन दास रूपचंदानी, सुरेन्द्र कुमार मोटवानी पिता स्व. गोपीचंद मोटवानी, उत्तम भोजवानी पिता स्व. सेवाराम भोजवानी बताए। आरोपियों के पास एवं फड़ से नगदी रकम 5080 रुपए एवं 52 पत्ती ताश बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है।

**जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन**

# कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा ईडी के दुरुपयोग का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी द्वारा आरोप पत्र दाखिल किए जाने के मामले में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने अपना विरोध जताते हुए शहर के पोस्ट ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेताओं के खिलाफ राजनीतिक दुर्भावनाओं का आरोप लगाते कांग्रेस ने जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के विभिन्न वक्ताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग का आरोप लगाया। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार को घेरते हुए इस कार्रवाई का विरोध किया। पवर्तन निदेशालय पर केंद्र सरकार के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाते केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

⏩ शेष पेज 14 पर

### कांग्रेस दबने वाली नहीं है

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा केंद्र की सरकार के खिलाफ लगातार कांग्रेस नेता आवाज उठा रहे हैं। केंद्र सरकार के कारनामों को उजागर कर रहे हैं। जिसको लेकर केंद्र की सरकार डरी हुई है और सरकारी तंत्रों का दुरूपयोग करते कांग्रेस को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डरने और दबाने वाली नहीं है।

# चाकू दिखाकर नशे के लिए मांगे पैसे, आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मोहारा मेला स्थल पर गए युवक को गत रात्रि चाकू दिखाकर डरा-धमका कर नशे के लिए मोबाइल से पैसा ट्रांसफर कराने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी रविन्द्र साहू 25 साल बंगाली चाल निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अप्रैल की रात्रि 10 बजे मोहारा मेला स्थल पर अपने दोस्तों के साथ गया हुआ था। कुछ देर बाद इसके दोस्त वहां से चले गए और प्रार्थी वहां पर अकेला था। घटनास्थल पर 5-6 लड़के आए और प्रार्थी को अकेला पाकर प्रार्थी को नशा करने के लिए पैसों की मांग की। प्रार्थी द्वारा पैसा नहीं कहने पर अज्ञात लोगों द्वारा प्रार्थी को चाकू दिखाकर डरा-धमका कर मारपीट किए तथा प्रार्थी को उसके मोबाइल से फोन-पे माध्यम से 15,000-15,000 रुपए दो बार ट्रांसफर कराए, परन्तु एक ही बार 15,000 रुपए ट्रांसफर हुआ और प्रार्थी के मोबाइल को नदी में फेंककर प्रार्थी की मोटर साइकिल को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 324(2), 3(5) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपी पकड़े गए

इस मामले में थाना स्तर में गठित टीम द्वारा प्रार्थी के मोबाइल से हुए 15000 रुपए ट्रांसफर के आधार पर मोबाइल नंबर एवं खाता संख्या के आधार पर आरोपी प्रकाश सोनकर, आनंद सोनकर, जैनम सोनकर एवं उनके अन्य 3 नाबालिग बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किए तथा प्रकाश सोनकर से एक नग एप्पल कंपनी का मोबाइल, आरोपी आनंद सोनकर से घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार न्यायलय में पेश किया गया।




# संतोष पिल्ले नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आज प्रदेश के नगर निगम क्षेत्रों में नेता प्रतिपक्ष एवं उप नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति की है। जिसमें राजनांदगांव नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद संतोष पिल्ले को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है।

निगम चुनाव के बाद लगातार कांग्रेस पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं में नेता प्रतिपक्ष को लेकर विभिन्न नामों की चर्चा बनी हुई थी। इस पद के लिए कुछ पार्षदों ने अपनी दावेदारी भी प्रस्तुत की थी। अंततः कांग्रेस के पार्षद संतोष पिल्ले को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं उप नेता प्रतिपक्ष के रूप में मुकेश साहू को नियुक्ति दी गई है। उक्त नियुक्ति अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छग प्रभारी सचिन पायलट के अनुमोदन से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने दी।

### चार बार के पार्षद

पार्षद संतोष पिल्ले ममता नगर, तुलसीपुर, लेबर कालोनी क्षेत्र से लगातार चार बार के पार्षद रहे हैं। वे पूर्व में नगर निगम के एमआईसी सदस्य भी रहकर अपनी भूमिका निभा चुके हैं। श्री पिल्ले को नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाईयां दी है।

**संजीवनी**
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
**कैंसर चिकित्सा विभाग**
उपलब्ध सुविधाएं
- ब्लड कैंसर
- ब्रेस्ट कैंसर
- कोलोन कैंसर,
- लीवर कैंसर
- फेफड़ों के कैंसर,
- अमाशय के कैंसर
- प्रोस्टेट कैंसर,
- बड़ी आंत और छोटी आंत का कैंसर
- मुंह व गले के कैंसर का इलाज

साथ ही सभी तरह के कैंसर की जांच
ऑपरेशन और कीमो थैरेपी की सुविधा
आयुष्मान से कैंसर की आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
➡ हाईटेक आईसीयू एवं सीसीयू ➡ अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
➡ हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए ➡ 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### गणित की उपयोगिता से वाकिफ हुए छात्र



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। गणित की अतिथि व्याख्याता हनी ठक्कर ने छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता, महत्व तथा प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए गणित की तैयारी के संबंध में विस्तार से बताया। इसी क्रम में वनस्पति विभाग के अतिथि व्याख्याता हेमशंकर साहू ने छात्र-छात्राओं को पौधों के संरचनात्मक एवं कार्यात्मक भागों की जानकारी के साथ पौधों की विविधता और औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए।

### लक्ष्मी और रितु कक्षा में प्रथम



**घुमका।** मुरमुंदा हाईस्कूल में गत दिनों कक्षा 9 वीं एवं 11वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। सरपंच मोंगरा वर्मा, उपसरपंच उमा नवरंगे, केवल वर्मा, हेमंत वर्मा, सुरेखा वर्मा एवं पालकों की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को अंकसूची प्रदान की गई। कक्षा नवमी में लक्ष्मी वर्मा प्रथम, तनु वर्मा द्वितीय, कक्षा 11वीं कला संकाय में ऋतु यादव प्रथम और मनीष यदु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य रीता शर्मा ने बताया कि सरपंच मोगरा वर्मा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप लंच बॉक्स प्रदान किया।

### पर्यावरण बचाना सबकी जिम्मेदारी



**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व वायुमंडल दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि विश्व वायुमंडल दिवस मनाने का उद्देश्य वायुमंडल के महत्व के प्रति लोगों में जनजागरूकता पैदा करना है। वायुमंडल हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन जीवन के लिए आवश्यक है वहीं ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से रक्षा करती है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री देवांगन ने बताया कि पर्यावरण में वायुमंडल का विशेष महत्व है। वायुमंडल से ही मौसमी घटनाएँ होती हैं और इसकी परतें धरती के तापमान को संतुलित रखती हैं। वायुमंडल प्रदूषण एक बड़ा खतरा बन गया है। कार्यक्रम में प्राध्यापक और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पोषण पखवाड़ा में व्यंजन स्पर्धा



**गंडई पंडरिया।** पोषण पखवाड़ा अंतर्गत छिराहीडीह में मनोरंजक व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गौरी राजपूत, सतरूपा यादव, तीजकुंवर, राधा, दुलेश्वरी, जमुना निषाद, चैती निषाद और दुर्देश बुढ़ारिया ने विभिन्न पारंपरिक और पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए। इन व्यंजनों की प्रस्तुति आकर्षक थी साथ ही वह स्वाद और पोषण के मामले में उत्कृष्ट थे। कार्यक्रम में बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को पोषण के महत्व से अवगत कराना है। छिराहीडीह में आयोजित व्यंजन प्रतियोगिता इसी दिशा में एक प्रयास था। आयोजन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही।

### शोभायात्रा में थिरके श्रद्धालु



**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर में हनुमान जयंती के अवसर पर हिन्दू युवा मंच ने भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी, सदस्य और नगर के युवा मंगलवार को गंडई के प्राचीन राम मंदिर में एकत्रित हुए। यहां से विशाल शोभायात्रा का आगाज हुआ। शोभायात्रा में हनुमान, नव दुर्गा और अन्य देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के साथ आकर्षक पोशाक धारण कर युवा चल रहे थे। शोभायात्रा के पीछे एक वाहन पर भगवान शिव की विशालकाय मूर्ति स्थापित किया गया था जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया था। भक्ति का रंग तब और गहरा हो गया जब शोभायात्रा के साथ चल रहे डीजे पर भक्तिमय गीत गूंजे जिसमे श्रद्धालु जमकर थिरकते नजर आए। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए तिरंगा चौक पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा चौक पर धार्मिक गीतों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### परीक्षा परिणाम घोषित

**सोमनी।** स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 वीं एवं 11वीं के परीक्षा परिणाम 11 अप्रैल को घोषित किया गया। कक्षा 11वीं कला संकाय में हिमानी कुर्रे प्रथम, उन्नयन बघेल द्वितीय, मोनिका सोनकर तृतीय, विज्ञान संकाय में रोशनी प्रथम, मोनिका चक्रधारी द्वितीय, पायल तृतीय, वाणिज्य संकाय में विनीता साहू प्रथम, प्रतिभा साहू द्वितीय एवं भानुप्रताप निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 9वीं में डिगेश साहू प्रथम, वमनकुमार साहू द्वितीय एवं पूर्वांशी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य आई कोर्राम ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य ने आगामी 1 से 15 मई तक संस्था में प्रतिदिन सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, नैतिक एवं बौद्धिक विकास के लिए समर-क्लास लगने की जानकारी दी। इस मौके पर परीक्षा प्रभारी पूर्णिमा चौबे, एसके साहू, निर्मला राजपूत, गरिमा शुक्ला, ललिता पगारे, प्रभात साहू, गंगाधर गुरु, मीनाक्षी श्रीवास्तव, सीमासिंह, किरन राणा, श्वेता रामटेके आदि मौजूद थे।

---

### भाजपाइयों की नहीं सुन रहे अधिकारी, कार्रवाई करने से भी परहेज

# नदियों को छलनी कर रहे रेत तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



पंचायत और निकाय चुनाव के बाद विकास में तेजी आने की उम्मीद की जा रही थी किन्तु विकास का पहिया आगे बढ़ता नहीं दिख रहा है बल्कि जन प्रतिनिधियों और अधिकारियो की शह पर खनिज संपदा की लूट शुरू हो गई है। शहर के आसपास स्थित नदियों से बेखौफ होकर रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार नगर से लगे करियाटोला, मटिया, बगदई, साल्हे और आसरा से रेत का बेरोकटोक खनन और परिवहन किया जा रहा है। इस आशय की शिकायतें राजस्व और खनिज विभाग में पहुंच रही हैं परन्तु अधिकारी दफ्तर से बाहर आकर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। कहा जा रहा कि पंचायत और निकाय चुनाव के बाद बहुसंख्यक जनप्रतिनिधि रेत कारोबार में परोक्ष अपरोक्ष रूप लिप्त हो गए हैं। जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता और निजी हित सधने के कारण खनिज और राजस्व विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं।

**फिर बन गया रास्ता**



जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में भाजपा नेताओं ने करियाटोला से रेत की निकासी पर अंकुश लगाने के लिए शिवनाथ नदी में बनाए गए रैम्प को जेसीबी से तुड़वा दिया। इस कार्रवाई के बाद सवाल यह खड़ा हो गया है कि यह कार्रवाई करियाटोला तक ही सीमित क्यों? मटिया और साल्हे से निकल रही रेत को बचाने के लिए क्यों कार्रवाई नहीं किया जा रहा हैं।

#### गरीबों के नाम पर निकासी

जानकारी के अनुसार शहर के आसपास की नदियों से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो के नाम पर रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को रेत का खनन कर छोटे वाहन से परिवहन करने की छूट मिली हैं किन्तु विभिन्न नदियों से जेसीबी से रेत को लोड कर हाइवा, माजदा और ट्रेक्टर से परिवहन किया जा रहा है। जितनी संख्या में आवास बनाए जा रहे उसकी तुलना में विभिन्न नदियों से कहीं अधिक मात्र में रेत का खनन किया जा चुका है। करियाटोला, मटिया, साल्हे, बगदई, आसरा से अब तक निकाली गई रेत का सत्यापन किया जाए तो रेत तस्करी का बढ़ा खुलासा होगा, पर सवाल यह है

#### एक कर्मचारी ऐसा भी

जानकारी के अनुसार खनिज संपदा की चोरी रोकने विभाग ने चेक पोस्ट लगा रखा है। चेक पोस्ट की स्थिति यह है कि यहां पदस्थ कर्मी घर बैठे पगार ले रहा है और रिटायर कर्मचारी उसकी जगह डयूटी कर रहा है। रिटायर कर्मी को पदस्थ कर्मी अपने वेतन से मानदेय का भुगतान करता है।

#### कांग्रेस करेगी अधिकारियों का घेराव

रेत के अवैध खनन और परिवहन में लिप्त रहे लोग इन दिनों उगाही करने के लिए कार्रवाई करने का ढोंग कर रहे हैं। दुर्भाग्य जनक है कि सत्ता का बेजा फायदा उठाते हुए सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कांग्रेस का दल शीघ्र ही नदियों में जाकर जायजा लेगा और अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया जाएगा। अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं तो कांग्रेस के कार्यकर्ता उनका घेराव करेंगे। - **दलेश्वर साहू,** विधायक

---

## ग्रामीणों से मिले जनप्रतिनिधि



**सड़क अतरिया।** भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता गांव एवं घर पहुंच कर ग्रामीणों को मिल रही सुविधा का जायजा लेने के साथ समस्याओं का अवलोकन कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ निर्वाचन क्षेत्र के गांवों में पहुंच कर ग्रामीणों से मुलाकात किया। पदमावतीपुर में इस दौरान जिला मंत्री जनेंद्र जंघेल एवं मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर उपस्थित थे। शुरूवात में बूथ कमेटी की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने, गरीबी उन्मूलन योजनाओं से अवगत कराया गया। इस दौरान वह प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, उज्जवला गैस, वृद्धा पेंशन, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के हितग्राहियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। पेयजल व्यवस्था का जायजा लेकर सार्थक पहल करने पर विचार किया। उन्होंने पदमावतीपुर से खोगा मार्ग पर बन रही पुलिया का निरक्षण किया। इस मौके पर सोसायटी अध्यक्ष सीताराम नेताम, नेहरू जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## छात्राओं को हेल्थ केयर का प्रशिक्षण



**डोंगरगांव।** स्थानीय पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम अंतर्गत हेल्थ केयर की छात्राओं को गत दिनों 10 दिनों तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेल्थ केयर का इंटर्नशिप कराया गया। इस इंटर्नशिप के बाद छात्राएं आकस्मिक परिस्थिति में प्रारंभिक उपचार कर लोगों की सेहत का ख्याल रख सकती हैं। उल्लेखनीय है कि पीएम श्री आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल में तीन साल से व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। इस अवधि में करीब 150 छात्राओं को हेल्थ केयर और आईटी का प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं। इसी कड़ी में बीते दिनों छात्राओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने बीएमओ डॉ रागनी चंद्रे के मार्गदर्शन में प्राथमिक उपचार करने के बारे में बताया। इन छात्राओं ने आकस्मिक स्थिति में प्राथमिक उपचार, ब्लड टेस्ट, इंजेक्शन लगाना, बेड मेकिंग, ड्रेसिंग करने के बारे न सिर्फ जाना बल्कि प्रेक्टिकल भी किया। इंटर्नशिप के बाद छात्राओं को गत दिनों बीएमओ रागिनी चंद्रे, प्राचार्य बीएल देवांगन एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक सलूजा राजपूत की उपस्थिति में सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

---

# मुख्यालय में नहीं रहते स्वास्थ्य कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया




ग्राम पंचायत सड़क अतरिया सहित आसपास के स्वास्थ केन्द्र में पदस्थ कर्मचारी आवास नहीं होने से परेशान है। मंगलवार को पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव पारित कर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी को आवेदन सौंप कर सड़क अतरिया में निवास रखने की मांग किया है। जानकारी अनुसार बीते कुछ साल से ग्राम के स्वास्थ केन्द्र में आरएचओ देवानंद भगत पदस्थ हैं जो मुख्यालय में नहीं रहते हैं। मासिक टीकाकरण या अन्य कार्य दिवस ही उनकी मौजूदगी होती है जिससे मरीजों को समुचित सुविधा नहीं मिल पाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ कर्मचारी के नहीं होने पर मरीजों को उपचार कराने के लिए छुईखदान या गंडई स्वास्थ केन्द्र जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने स्वास्थ कर्मचारी ग्राम में निवास करने हेतु निर्देशित करने की मांग किया है। स्वास्थ केन्द्र में स्वास्थ कर्मचारी आशा देवांगन है जो सेक्टर का काम संभाल रही है। आरएचओ की अनुपस्थिति में केन्द्र पहुंचे मरीजों को स्वास्थ सुविधा मुहैया कराती है। आवेदन सौंपने के दौरान सरपंच सोनम वैष्णव, उपसरपंच धनेश जंघेल, पंच अश्वनी वैष्णव, उत्तरकुमार जंघेल, मिथिलाबाई, संतोषी जंघेल, मेलन, कल्पेश कुमार, सुरेन्द्र जंघेल, लीलाबाई, कुमारीबाई, मेलन, बसंत जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।

#### भवन जर्जर, निर्माण की मांग

जानकारी अनुसार यहां का स्वास्थ केन्द्र पांच दशक पुराना है जो जर्जर हो गया है। दीवारें फट चुकी है। बरसात होने पर केन्द्र के बाहर दो से तीन फीट पानी भरा रहता है। छत से पानी टपकता है। लंबे समय से भवन का जीर्णोद्धार नहीं हुआ है। केन्द्र में सुलभ व्यवस्था काफी गंभीर स्थिति में है जिससे प्रसव के लिए पहुंची महिलाएं परेशान होती हैं। ग्रामीणों ने नया भवन बनाने की मांग किया है।

---

### आयोजनों में शामिल हुए बौद्ध अनुयायी, बाबा साहब को किया पुण्य नमन

# आंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा, भीम गीतों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान







भारतीय बौद्ध महासभा के नेतृत्व में जिला स्तरीय आंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष संतोष कामडे के नेतृत्व में सुबह मोटर साइकिल रैली निकालकर नगर भ्रमण करने के बाद शाम को बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने पैदल जुलूस निकाला। रैली आंबेडकर भवन से निकलकर अलग-अलग मोहल्ले में भ्रमण करने के पश्चात वापस आंबेडकर भवन पहुंची। समाज के जिला अध्यक्ष और अतिथियों ने संविधान निर्माता डॉ बीआर आंबेडकर तथा बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। लोगों ने द्वारा सामूहिक त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया। इस मौके पर राजा गिरिराज किशोर दास वैष्णव, संजय महोबिया, सज्जाक खान, नवनीत जैन, मंसाराम सीमकर, मधुकर चौखंदे, उत्तम बागडे, संतोष कामडे, अमृता कांडे सहित अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर कांग्रेस नेता संजय महोबिया ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने ऊंच नीच की भेदभाव मिटा कर अच्छा संदेश दिया है। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष सज्जाक खान ने कहा कि डॉ. आंबेडकर जैसा पढ़ा लिखा व्यक्ति अब कोई नहीं है। उन्होंने 32 डिग्री हासिल की और उन्हें 34विषयों में महारत हासिल किया था। नवनीत जैन ने आंबेडकर को सुलझा व्यक्ति बताया जिन्होंने समाज को संगठित करने का प्रयास किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास वैष्णव ने बाबा साहेब को अनुकरणीय बताते हुए नमन किया। उन्होंने सभी से बाबा साहब के रास्ते पर चलने और नाम रोशन करने का आव्हान किया। संचालन रवि बसोड़ और आभार प्रदर्शन मंशाराम सिंमकर ने किया।

**खुज्जी।** ग्राम दर्री और बेंदरकट्टा में भारत रत्न डॉ अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। गांववासियों ने एकजुट होकर बाबा साहब की पूजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। गांव में झांकी रैली का आयोजन किया गया जिसमें शामिल हुए भीम गीतों में झूमते नजर आए। झांकी के माध्यम से बाबा साहब के जीवन, संघर्ष, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक न्याय के संदेश को दर्शाया गया। ग्राम भ्रमण के दौरान लोगों ने फूल वर्षा कर रैली में शामिल लोगों का स्वागत किया।

**रामाटोला।** धनडोंगरी में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाया गया। परित्राण पाठ कर कार्यक्रम शुरु किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे, पूर्व अध्यक्ष भरत वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, सदस्य महेश सेन, सरपंच दया चंद्रवंशी, नेमु नारंग, संतोष अंबादे आदि शामिल हुए। इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मानिकपुर में बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाया गया। पूजा अर्चना कर ग्राम में रैली निकाली गई। बच्चों ने डांस प्रस्तुत किया। अतिथियों के स्वागत में गीत पेश किया गया। सामाजिकजनों ने अतिथियों को जय भीम के गमछा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, जिपं सदस्य प्रशांत कोडापे, पूर्व अध्यक्ष भरत वर्मा, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, भावेश सिंह, महेश सेन, जयश्री साहू, सरपंच दयाराम चन्द्रवंशी, नेमु नारंग, मीना साहू आदि शामिल हुए। अंत में भोजन भंडारा का आयोजन किया गया।

#### लोगों ने याद किया योगदान

**पटेवा।** संविधान पुरोधा बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर इरईकला में पूजा-अर्चना किया गया। सरपंच ललित साहू ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सोच रखकर उन्होंने संविधान में कई ऐसी बिंदुओं का समावेश किया जिससे सबको समानता का अधिकार मिला। इस मौके पर भाजपा घुमका मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सरपंच ललित साहू, श्यामलाल साहू, संतोष सायटोंडे आदि मौजूद थे।



#### डॉ. आम्बेडकर की देन पर व्याख्यान

**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में एमए राजनीति विज्ञान विभाग ने मंगलवार को अम्बेडकर जयंती के अवसर पर अंतर विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता अतिथि व्याख्यता डॉ ओपी कौशिक थे। उन्होंने दलित समाज को डॉ. अम्बेडकर की देन विषय पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि डॉ. अम्बेडकर ने देश सेवा के साथ भारत में शिक्षा, समानता, स्वतंत्रता और जातिगत भेदभाव, छुआछूत से परे एक जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिथि व्याख्याता असित साहू ने संविधान निर्माण में बाबा साहब के योगदान की जानकारी दी। संचालन एवं आभार प्रदर्शन शेषराम गोरे ने किया। इस अवसर पर टीएल वर्मा, शुभम दुबे, दीपांशु यादव, शिल्पी देवांगन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।





## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागावार की समीक्षा

# मिले आवेदनों के निराकरण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाए।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त विभागवार आवेदनों के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर विभागवार मिले आवेदनों की समीक्षा करते हुए प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता व संवेदनशीलता पूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पोर्टल पर सभी आवेदनों को शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने और आवेदनों के निराकरण की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट रोज प्रस्तुत करने कहा।

इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निपटारा करने कहा। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत और अन्य प्राप्त पत्रों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ व एडीएम प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर साहू, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### मोर दुआर साय सरकार अभियान पर की चर्चा

जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मोर दुआर साय सरकार अभियान शुरू हो गया है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। शासन द्वारा सभी को आवास मिले, इसके लिए आवास प्लस सर्वे में पात्रता के दायरे को बढ़ाया गया है, जिससे हर किसी के घर का सपना पूरा हो सके। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को आवास प्लस सर्वे का कार्य को अच्छे से करने का निर्देश दिया ताकि कोई भी पात्र हितग्राही छूटने न पाए।

### कलेक्टर ने सुनी जनता की समस्याएं

साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। कलेक्टर से लोगों ने मुलाकात कर निजी व सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया जिस पर उन्होने संबंधित आवेदनों को त्वरित निराकरण करने का निर्देश जारी किया। साप्ताहिक जनदर्शन में पीएम आवास, खाद्य विभाग, अवैध कब्जा संबंधित सहित अन्य आवेदन मिले थे। कलेक्टर ने आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर आवश्यक कार्रवाई करने कहा।

### तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के बदले प्रभार

जिले में प्रशासनिक कसावट लाने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के पदस्थापना में परिवर्तन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के 4 तहसीलदार और 2 नायब तहसीलदारों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। जहां गंडई तहसीलदार आशीष देवहारी को खैरागढ़ और खैरागढ़ तहसीलदार मोक्षदा देवांगन को छुईखदान तहसीलदार की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह छुईखदान तहसीलदार नेहा ध्रुव का प्रभार बदलते हुए उन्हें साल्हेवारा तहसीलदार बनाया गया है जबकि साल्हेवारा तहसीलदार प्रीतम सिंह चौहान को गंडई का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा खैरागढ़, छुईखदान और साल्हेवारा तहसीलदार को सम्बंधित तहसीलों के नायब तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। मोहन लाल झारिया को नायब तहसीलदार गंडई और छुईखदान व गंडई तहसील के नायब तहसीलदार इंद्रराम चन्द्रवंशी को उपतहसील जालबांधा की जिम्मेदारी दी गई है।

# दर्जनों गांव में जल संकट टैंकर से पानी की सप्लाई

## पानी के लिए ग्रामीण टैंकर पर आश्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसराकला

डोंगरगढ़ विकासखंड के दर्जनों गांवो में पानी की कमी के कारण लोगों को भटकना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत कातलवाही, छिपा, कोलिहापुरी, मुंदगाव, आरबीरा, झिटिया सहित अन्य गांवों का वाटर लेवल बहुत नीचे चला गया जिससे कुएं सूख गए है। हैंडपंप से पानी नहीं निकल रहा है। पानी के लिए ग्रामीण टैंकर पर निर्भर हो गए हैं।

■ पानी संकट से ग्रामीणों में नाराजगी

ग्राम पंचायत छिपा में सर्वाधिक जल संकट देखा जा रहा है। पहली बार ऐसा हुआ है कि पानी दूसरे गांव से आ रहा है। ग्राम डोडकी से रोजाना 14 से 15 टैंकर पानी आ रहा है। छिपा और डोडकी के सभी बोरिंग एवं नल जल सोजना का पंप बंद हो गया है। बीते 54 दिनों से टैंकर से पानी लाकर ग्रामीणों को पिलाया जा रहा है। ग्राम में सुबह 6 बजे से रात को 11 से 12 बजे तक पानी का वितरण किया जाता है। 5000 लीटर क्षमता वाले दो टैंकर से अभी तक 465 टैंकर पानी लाया जा चुका है। वर्तमान हालत को देखते हुए तय है कि अगले दो से तीन माह तक लोगों को टैंकर पर ही निर्भर रहना पड़ेगा।




### गहरा रहा संकट

जानकारी के अनुसार जिस बोर से टैंकर भरा जा रहा है उसका भी वाटर लेवल डाउन हो रहा है। सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे ने बताया कि दो टैंकर से प्रतिदिन 14 से 15 ट्रीप पानी लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के लोगों को इन दिनों गंभीर जल संकट से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम नाला में 3.30 करोड़ की लागत से स्टॉप डेम बनाया गया था जो बारिश के दिनों क्षतिग्रस्त हो जाता है। पिछले 6 साल से प्रशासन को डेम की हालत से अवगत कराया जा रहा है लेकिन अभी तक रिपेयरिंग और अन्य कार्य नहीं हुआ है। रिपेयरिंग होने के बाद पानी रुकने से ग्रामीणों को कुछ राहत मिलने की संभावना है।

### ध्यान नहीं दे रहा प्रशासन

गांव में पानी की समस्या गर्मी शुरू होते ही खड़ी हो जाती है। कई सालों से जल संकट के समाधान की मांग प्रशासन से कर रहे हैं किंतु ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अब ग्रामीणों के सामने आंदोलन करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

**- ओमप्रकाश लिल्हारे,** सरपंच

## खबर संक्षेप

### आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**गंडई पंडरिया।** पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिन्दी विद्यालय गंडई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभिभावक 5 मई तक ऑनलाइन सीजी स्कूल एजुकेशन पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय की कक्षा पहली में 50 सीटें हैं। वहीं कक्षा 6वीं, 8वीं और 9वीं में 2-2 सीट रिक्त है। प्रवेश प्रक्रिया में नियमानुसार 50 प्रतिशत बालिकाओं, 25 फीसदी बीपीएल परिवारों और 25 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चयन किया जाएगा। लॉटरी की तिथि 5 मई से 10 मई तक निर्धारित है। लॉटरी निकलने के बाद चयनित छात्रों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन 11 से 15 मई तक किया जाएगा। प्रवेश की जानकारी के लिए अभिभावक प्रवेश प्रभारी शुभम सिंह, किरण ठाकुर, हेमंत कुमार और ममता सोनी से संपर्क कर सकते हैं।

### निधन

### कुंदनलाल देवांगन



**खुज्जी।** ग्राम के कुंदनलाल देवांगन का निधन 14 अप्रैल को हो गया। वह विनय कुमार देवांगन के पिता थे। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# साइंस कॉलेज में मनी आंबेडकर जयंती

## भारत के संविधान के उद्देशिका का किया वाचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती 16 अप्रैल को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन व रासेयो के तत्वावधान में मनाया गया।

डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन के पश्चात प्राचार्य डॉ. उमरे ने भारत के संविधान के उद्देशिका का वाचन किया। उपस्थित लोगों ने खड़े होकर शपथ लिया। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नौजे ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार ने संविधान में नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता, शिक्षा, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान करवाई, उनका पूर्ण विश्वास था कि संविधान के जरिये समाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। इतिहास विभाग के सहा.प्रा. डॉ. फुलसो राजेश पटेल ने कहा कि अम्बेडकर मानते थे कि राज्य को शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। गुणवंता खरे सहा.प्रा. हिन्दी ने कहा कि अम्बेडकर का अंतिम लक्ष्य ऐसा भारत बनाना था, जहां जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो। हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। डॉ. साहब भारतीय संविधान के जनक तो है ही, आज भी सोशल इंजीनियरिंग की धुरी है, उन्हें दलितों का मसीहा कहा जाता है। इस अवसर पर भारतीय संविधान व डॉ.अम्बेडकर के जीवन दर्शन व व्यक्तित्व पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी व अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत युवा कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान शहर में संचालित निजी अस्पताल में गंडई देवपुरा निवासी महिला और उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मौत के बारह दिन बीत जाने के बाद भी कारवाई नही होने से नाराज युवा कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कारवाई की मांग की है।

जिला युकां अध्यक्ष गुलशन तिवारी साथ पहुंचे युवा कांग्रेसियों ने प्रशासन को बताया कि निजी अस्पताल संचालक डॉक्टर राजधानी के शासकीय अस्पताल में पदस्थ है जिनके द्वारा नगर में निजी अस्पताल खोलकर इलाज किया जा रहा है जो नर्सिंग एक्ट का उल्लंघन है सबसे बड़ा सवाल यह है कि राजधानी में पदस्थ डॉक्टर शासकीय अस्पताल में भी इलाज कर रहे है और राजधानी से 100 किलोमीटर दूर निजी अस्पताल में ही में भी इलाज कर रहे है तो क्या एक व्यक्ति एक ही समय में दो अलग-अलग जगह में इलाज कर सकता है। अस्पताल में नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की जगह 10वीं-12वीं पढ़े हुए स्टाफ को रखा गया ताकि कम पैसे में काम करने वाले स्टाफ मिल सकें और अस्पताल को अधिक से अधिक फायदा हो सके। उन्होंने बताया कि अस्पताल में मरीजों के बैठने के लिए बैठक व्यवस्था भी नहीं है साथ ही अस्पताल निर्माण नियम विरुद्ध हुआ है।

इसके अलावा चिकित्सा उपरांत बचे हुए अपशिष्ट पदार्थ दवाइयां के निपटान प्रबंधन के लिए बायोमेडिकल वेस्ट की उचित व्यवस्था भी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से संक्रमण फैल सकता है।

### अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की मांग

मरीज को निःशुल्क रियायत दर पर इलाज करने शासन की अनेक योजनाएं चल रही है लेकिन उसे दरकिनार कर अस्पताल प्रबंधन द्वारा योजनाओं का लाभ ना देकर प्रति मरीज 20 से 25 हजार रुपए लूटा जा रहा है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला के मौत से पहले भी अस्पातल प्रबंधन की लापरवाही के चलते एक मरीज की मौत हो चुकी है जिसका जांच नहीं हो पाई है इसी तरह इस घटना को हुए 12 दिन बीत जाने के बाद भी आज पर्यंत तक किसी भी प्रकार की जांच व कारवाई नहीं हुई है। अस्पताल प्रबंधन के लापरवाही के चलते लगातार मौतें हो रही है परंतु संबंधित विभाग कारवाई करने से परहेज कर रहे है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उपरोक्त विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए जांच समिति बनाकर जांच कराने की मांग की है।

# कान्फ्रेंस में अध्यक्ष तरनदीप को मिला अवार्ड



**राजनांदगांव।** जबलपुर में 12 व 13 अप्रैल को आयोजित कान्फ्रेंस में लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष तरनदीप अरोरा को श्रेष्ठ अध्यक्ष के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

क्लब के सचिव डॉ. गिरीश श्रीवास्तव को तीन स्टार एवं कोषाध्यक्ष कमल किशोर साहू को स्टार से सम्मानित किया गया। ला. क्लब राजनांदगांव सिटी को 5 स्टार क्लब की श्रेणी से सम्मानित किया गया। पीएमजेएफ ला. बृजकिशोर सूरजन, माइक्रो चेयर पर्सन एवं एमजेएफ ला. राजकुमार शर्मा डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन को 3-3 स्टार से सम्मानित कर मेमोटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को सम्मानित करने के अलावा क्लब के वरिष्ठ लायन सदस्यों को भी मेमोटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रकाश सांखला, उमेद कोठारी, संतोष लोहिया, त्रिलोचन बग्गा, नंदकुमार अग्रवाल, सुशील पसारी, विनोद डड्ढा शामिल हैं।

कान्फ्रेंस में क्लब के बैनर प्रेजेंटेशन में अनेकता में एकता विषय पर सभी धर्म गुरुओं की वेशभूषा को प्रदर्शित करते बैनर प्रजेन्टेशन किया, जो एक आकर्षण प्रजेन्टेशन रहा। इस कान्फ्रेंस में गिरीश सोनक्षतरा, संजय रिजवानी, अनिल डुलानी, राजेश नागवानी, सुरेश शर्मा, रनदीप सिंह, शोभा शर्मा, संध्या जैन, शोभा चौरसिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नशे के शिकंजे से बच्चों को दूर रखने करें कार्य : कलेक्टर

## स्कूल के समीप मादक पदार्थों की बिक्री पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित पोषण पखवाड़ा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि एक युद्ध नशे के विरूद्ध अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, शिक्षा विभाग एवं नगरीय निकाय विभाग संयुक्त रूप से स्कूलों के आसपास गुटखा, तम्बाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चे जो नशे के शिकंजे में फंस गए हैं, उनके पुनर्वास की जरूरत है। यह बहुत जरूरी है कि बच्चे नशे की ओर प्रवृत्त नहीं हो, इसके लिए टीम बनाकर कार्य करें। तम्बाकू, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर कोटपा अंतर्गत कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण पखवाड़ा अंतर्गत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार के संबंध में जनसहभागिता से कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। इस अवसर पर सभी ने बच्चों के सुपोषण के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




### पोषण पखवाड़े का समापन 22 को

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरप्रीत कौर ने बताया कि जिले में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। 22 अप्रैल को पोषण पखवाड़े का समापन किया जाएगा। इसके अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य से संबंधित कैलेंडर का पालन करते बच्चों के लिए विविध जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में जीवन के प्रथम 1000 दिवस अंतर्गत गर्भवती माताओं को पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जाएगी। पोषण ट्रैकर के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों की मानिटरिंग की जा रही है। पोषण भी पढ़ाई भी की थीम पर जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्य किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा के तहत साइकिल रैली, बाइक रैली, पोषण रथ एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कुपोषण का प्रबंधन, बच्चों में मोटापे की रोकथाम, हमर स्वस्थ लईका, एनिमिया जागरूकता के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## प्रदेश में बेटियां, बहनें सुरक्षित नहीं, सभी ओर मचा हाहाकार

# कांग्रेस नेता देवांगन का जोशीला स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन का गत दिनों शहर आगमन हुआ। श्री देवांगन इससे पहले नगर पंचायत चुनाव के दौरान आए थे। उनके नगर पहुंचने पर राजा गिरिराज किशोर दास, छोटे राजा देवराज किशोर दास के नेतृत्व और जिला इंका अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय के सामने आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश इंका के पूर्व सचिव आलोक चंद्राकर, हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असलम खान, शिवसिंह ठाकुर, सन्ननिर्माण कर्मकार के पूर्व अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल, राम गिडलानी, सौरभ तिवारी,रिजवान ख़ान, सुरेश मसीह, देवेंद्र यादव, उत्तम साहू, वीरेंद्र चौहान, निखिल मांडले, सागर डोंगरे उपस्थित थे।



### कांग्रेस मेरा परिवार

पूर्व सांसद स्व. देवराज सिंह की पुत्री शताक्षी सिंह ने श्री देवांगन का स्वागत करते हुए कहा मेरा पूरा परिवार कांग्रेस में रहा है। मैं निर्दलीय तौर पर चुनाव जीती हूं किन्तु कांग्रेस ही मेरा परिवार है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस को मजबूत करने के लिए लगातार काम करेंगी।

### प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 21 अप्रैल को प्रस्तावित मुख्यमंत्री कार्यालय घेराव को लेकर श्री देवांगन ने कांग्रेसजनों से शामिल होने का आव्हान किया। इस दौरान विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि प्रदेश में बेटियां बहने सुरक्षित नहीं है। सभी ओर हाहाकार मचा है। जनता समझ गई है कि यह सरकार कहती ती कुछ है और करती कुछ और है। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास ने कहा कि कड़े मुकाबले में भाजपा को हराकर अध्यक्ष की सीट पर कांग्रेस ने कब्जा किया है।

### प्रदेश में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार

उक्त मौके पर श्री देवांगन ने कहा कि इस क्षेत्र में पहली बार उपचुनाव के दौरान आना हुआ था। यहां के कार्यकर्ताओं में जो अपनापन है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जैसा संबंध है वैसा सब बना ले तो वह दिन दूर नहीं जब प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार होगी। श्री देवांगन टिकरीपारा में आयोजित कथा पुराण में शामिल हुए।इस मौके पर जिला इंका अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, मोतीलाल जंघेल, संजीव दुबे, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, गिरिराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, संजय महोबिया, प्रकाश महोबिया, मनीष कोचर, चंद्रेश कुंभकार, नजारुद्दीन खान, रुक्मणी देवांगन, रिंकू महोबिया, गुलशन तिवारी, लालू महोबिया, मनराखन देवांगन, भीखम छाजेड़, आकाशदीप सिंह, नीलांबर वर्मा, विजय वर्मा आदि उपस्थित थे।

## सार समाचार

### एनबीआईएस बोरी में आईस्क्रीम पार्टी



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में आईस्क्रीम पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने ठंडी-ठंडी स्वादिष्ट आईस्क्रीम का बड़े ही मजे से लुप्त उठाया। आईस्क्रीम पार्टी के साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय जिन बच्चों का जन्मदिन आता है, उन सभी बच्चों का सामूहिक जन्मदिन मनाया गया। प्री प्राइमरी कक्षा के बच्चों के लिए व्हाइट कलर-डे का आयोजन अलग से किया गया। जिसमें छोटे बच्चे थीम अनुसार सफेद रंग की पोशाक पहन कर आए थे। अपने उद्देश्य को समर्पित शाला न केवल शिक्षा अपितु बच्चों की चहुंमुखी विकास पर जोर देता आ रहा है।

शाला परिवार द्वारा बच्चों में नैतिक गुणों के साथ ही सामाजिकता के भाव को जागृत करना उद्देश्य है, ताकि बच्चे संस्कारित हो और समाज में अपने कर्तव्यों का पालन करें। इस विशेष आयोजन पर शाला के बच्चों में खुशी का माहौल रहा।

### जनसहयोग से नहर नाला में बोरी बांधने का कार्य



**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पारीकला में जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में ग्रामीणों को जागरूक कर एवं सामुदायिक पहल करते हुए जनसहयोग से श्रमदान कर नहर नाला में बोरी बांधने का कार्य किया गया। नाला में बोरी बांधने के कार्य में अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, रमेश चंद्राकर एवं सरपंच, सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, रोजगार सहायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं महिलाओं का सहयोग रहा।

### आने-जाने वालों को चाकू से डराया, एक गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** आम जगह में चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्रांतर्गत 16 अप्रैल को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति शीतला मंदिर पर हाथ में धारदार चाकू रखकर आने-जाने वाले आम जनता को डरा-धमका रहा है।

सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी शेख असलम 22 वर्ष निवासी शंकरपुर पुलिस चौकी चिखली को घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी के कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपी के विरूद्व आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने उपरांत आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया।

### आबंटित भूमि का कब्जा नहीं दिए जाने से नाराज

# तीन समाज के लोगों ने घेरा कलेक्टोरेट सड़क पर नारेबाजी के साथ चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन द्वारा सामाजिक भवन के लिए भूमि का आबंटन के बाद भी कब्जा नहीं दिए जाने से नाराज हल्बा आदिवासी समाज, कुर्मी क्षत्रिय समाज और महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया और कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव करते आबंटित भूमि पर तत्काल कब्जा देने की मांग की।

शहर के रेवाडीह क्षेत्र में खसरा नंबर 110 /1 में लगभग डेढ़ साल पहले आदिवासी हल्बा समाज, कुर्मी क्षत्रिय समाज और महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज को अलग-अलग 7500 वर्ग फुट भूमि का आबंटन हुआ है, लेकिन लगभग डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी समाज के लोगों को अब तक कब्जा नहीं मिला है। समाज के लोगों द्वारा आवेदन करने के बाद 16 अप्रैल दोपहर 12 बजे उन्हें जमीन का कब्जा देने बुलाया गया था। तीनों समाज के लोग रेवाडीह में एकत्रित हो गए थे, तभी अचानक आज कब्जा नहीं दिए जाने की बात कही गई। जिसको लेकर समाज के लोग आक्रोशित हो गए और आबंटित भूमि पर लगाने ले गए बोर्ड को लेकर शहर के अंबेडकर चौक में पहुंचे और नाराजगी व्यक्त करते चक्काजाम कर दिया।



#### बुलाकर नहीं दिया कब्जा

जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के सचिव भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा कि तीनों समाज के लोगों को नियम-कानून के तहत प्रक्रिया पूरी करने के बाद शासकीय भूमि का आबंटन किया गया। इस भूमि का दो बार आरआई और पटवारी ने सीमांकन भी किया है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा विरोध के चलते समाज को जमीन का कब्जा नहीं दिया जा रहा है। आज दोपहर कब्जा देने बुलाया गया था, तभी एसडीएम को कलेक्टर ने फोन कर आज कब्जा नहीं देने कहा। जिससे समाज के लोगों में आक्रोश है।

#### स्कूल बस फंसी, लोगों को हुई समस्या

राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर के अंबेडकर चौक में तीनों समाज के लोगों द्वारा किए गए चक्काजाम के चलते धूप में लोगों को काफी परेशानी हुई। हालांकि समाज के लोगों ने एक तरफ का मार्ग ही बंद किया था, लेकिन इस चक्काजाम में बच्चों से भरी स्कूल बस भी फंसी रही।

#### वार्ड के लिए आरक्षित भूमि

बताया जा रहा है कि सामाजिक भवन के लिए आबंटित इस भूमि को रेवाडीह वार्ड के लोगों द्वारा खेल मैदान, हाईस्कूल उन्नयन और गौठान हेतु आरक्षित रखा गया है। इस वजह से यहां पर सामाजिक भवन का विरोध किया जा रहा है।

#### प्रशासन ने दिया आश्वासन

इस मामले को लेकर तीनों समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रखी। इस दौरान प्रशासन के द्वारा आगामी 27 अप्रैल को समाज के साथ बैठक आयोजित कर कब्जा दिलाए जाने का आश्वासन दिया गया है।

#### भू-भाटक पटा रहा समाज

समाज के लोगों ने कहा कि लगभग 2 साल का उन्होंने उक्त जमीन का भू-भाटक भी पटाया। वहीं जमीन की रजिस्ट्री पट्टा भी मिल चुका है। इसके बावजूद समाज को आबंटित भूमि पर कब्जा नहीं दिया जा रहा है।

### भोलाटोला की लक्ष्मी बनी छुरिया तहसील अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** समाजसेवी एवं समाजसेवा संघ के संयोजक संजीव सिंघल ने ग्राम भोलाटोला (तहसील छुरिया) की समाज सेविका लक्ष्मी साहू को छुरिया तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया है। लक्ष्मी साहू ने राजनांदगांव के शासकीय शिवनाथ विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय से विज्ञान स्नातक किया। इनकी नियुक्ति पर चंचल तिवारी, हेमलता ठाकुर, मनीष खंडेलवाल, विरेन्द्र यादव, प्रियांशु सिंघल, स्वाति देवांगन, नेमिन देशमुख, सावन सोनी, प्रमिला साहू, यमला साहू, हर्ष साहू, भीमा साहू, चंद्रहाश देवांगन, भूषणलाल देवांगन, हिमलेश्वरी साहू, भुमिका साहू, वंदना सिन्हा, भुवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, निशि ध्रुव, मधु फाफा, पूर्वी साहू, प्राची शर्मा, सरस्वती वर्मा, अर्पित पटेल, तामेश्वर साहू, अश्विनी पटेल, ममता मैथिल, गिरीश साहू, रूपा कंवर, पायल यादव, महेन्द्र बघेल, मोतीलाल, मनोज, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, दौलतराम साहू, हेमंत ठाकुर, लोकेन्द्र वर्मा, राजकुमार नायक, चचल साहू, खुलेन्द्र साहू, रेवती साहू, वीरू यादव, गोकुल लहरे, संगीता रावटे एवं अन्य ने शुभकामनाएं दी।

## नो-पार्किंग में वाहन, यातायात पुलिस ने 69 पर की कार्रवाई



**राजनांदगांव।** शहर के प्रमुख मार्गों में नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई अभियान छेड़ा है। जिसके तहत 69 वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। पुलिस के अनुसार 16 अप्रैल को यातायात टीम द्वारा शहर के महावीर चौक, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, आजाद चौक, भारतमाता चौक में लगातार बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्रवाई किया गया। जिसमें 69 वाहनों से 42800 जुर्माना वसूला गया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें।

# जिले में सक्रिय मुरूम चोर, अवैध उत्खनन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में इन दिनों मुरूम माफिया काफी सक्रिय हैं और अवैध उत्खनन जोरों पर है। प्रतिदिन सैकड़ों डंपर वाहन मुरूम की चोरी की जा रही है। अवैध मुरूम उत्खनन की शिकायत करने पर भी खनिज विभाग द्वारा इस पर कार्रवाई नहीं की जाती है। जिसके चलते जिलेभर में मुरूम का अवैध उत्खनन फल-फूल रहा है।

जिलेभर में अलग-अलग जगह पर 24 घंटे मुरूम उत्खनन का कार्य किया जा रहा है। मुरूम के अवैध उत्खनन के लिए कई एकड़ जमीने खोदी जा रही है। किसानों को उनके खेत सुधार का लालच देकर चंद रुपए दिए जा रहे हैं और मुरूम माफिया लाखों रुपए अवैध धन अर्जित कर रहे है।



#### इन क्षेत्रों में उत्खनन

शहर के समीप ही ग्राम बोरी, भेड़ीकला, तुमड़ीलेवा, ईंट भट्ठा, जोरातरई, सुकुलदैहान क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मुरूम का अवैध उत्खनन हो रहा है। यहां जेसीबी वाहन के माध्यम से मुरूम खोदा जा रहा है। मुरूम उत्खनन के लिए मुरूम माफियाओं ने अपना-अपना क्षेत्र निर्धारित कर लिया है।

#### बेधड़क दौड़ रहे वाहन

शहर की सड़कों पर मुरूम के अवैध उत्खनन से भरे डंपर वाहन बेधड़क दौड़ रहे हैं। इन वाहनों को किसी भी चौक पर रोक नहीं जाता है। अधिकांश मुरूम अवैध कॉलोनी में भेजा जा रहा है।

#### अधिकारियों का संरक्षण

जिले में बेखौफ होकर मुरूम का अवैध उत्खनन करने वाले माफियाओं को विभागीय संरक्षण मिलने से इनकार नहीं किया जा सकता। बड़े पैमाने पर हो रहे इस मुरूम खनन के पीछे खनिज विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत साफ दिखाई देती है।

#### करोड़ों का राजस्व नुकसान

जिले में जारी मुरूम के अवैध उत्खनन से शासन प्रशासन को करोड़ों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है। इधर सरकारी खजाना भरने की जगह विभागीय अधिकारी सांठगांठ कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। यही वजह है कि लगातार शिकायतों के बाद भी मुरूम माफियाओं पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# गायत्री में सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ में बुधवार को प्रातः विद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए।

शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष उषा झा के अनुसार उक्त आयोजन का उद्देश्य बढ़ते सड़क हादसों पर रोक लगाना एवं सावधानी बरतना था। यंग इंडिया फाउंडेशन के सदस्य निकुंज सिंघल ने कहा कि यंग इंडिया एक समाजसेवी संस्था है, जो समय-समय पर सामाजिक समस्याओं के निदान हेतु अपने अथक परिश्रम व प्रयास से अपना योगदान दे रही है। आए दिन बढ़ते हादसों पर रोक लगाना हम सबका दायित्व है। हम सब मिलकर इस दिशा में कार्य करें। श्रेयांश पारख ने भी सड़क सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रणय बोहरा ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इस आयोजन में ट्रेफिक विभाग का भी विशेष योगदान रहा। जिसमें टीआई अजय खरे, हेड कांस्टेबल कपिल श्रीवास्तव, ट्रेफिक डिपार्टमेंट से अशोक साहू द्वारा यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में यंग इंडिया फाउंडेशन द्वारा सड़क सुरक्षा एवं नियम संबंधी प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम भी रखा गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से ट्रेफिक सिंबाल का महत्व एवं उसके प्रयोग की जानकारी दी गई।

इस अवसर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, तरणजीत सिंह टूटेजा समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

# विहिप बजरंग दल ने मनायी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

14 अप्रैल को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस को धूमधाम और सामाजिक समरसता के भाव को लेकर मनाया। विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्र होकर स्थानीय जिला कार्यालय परिसर में स्थापित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण किया। माल्यार्पण पश्चात वहीं हो रहे कार्यक्रम में शामिल होकर सामाजिक बंधुओं को बाबा साहब के जन्म दिवस की बधाई दी गई।

इस अवसर पर बौद्ध समाज के पदाधिकारियों द्वारा संगठन के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया और सभी को मंच पर आदरपूर्वक बैठाया गया।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के विभाग मंत्री अरुण गुप्ता द्वारा बाबा साहब के देश और समाज के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख करते कहा कि इस देश की आत्मा और हम सब के लिए पूजनीय ग्रंथ भारत का संविधान है।



कार्यक्रम पश्चात विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के पदाधिकारी मानव मंदिर चौक मे मंच बनाकर बौद्ध समाज द्वारा बाबा साहब की निकाली गई सभी झांकी और शोभायात्रा का देर रात तक पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सामाजिक समरसता दृष्टिकोण से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री अनूप श्रीवास, बजरंगदल जिला संयोजक सुनील सेन, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख बाबा बौद्ध, राजीव डागा, मठमंदिर प्रमुख अखिलेश गुप्ता, नगर मंत्री नवीन अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष अंकित खंडेलवाल-जुगलकिशोर शर्मा, जिला गौरक्षा प्रमुख अशुल कसार, नगर संयोजक प्रशान्त हथिबेड, संतोष तुरहाटे, पिन्टू समरीत, टेकराम त्यागी, अभिषेक शर्मा,रोहित यादव, आसुतोष सिंग, संतोष मरकाम, रामचरण वैष्णव, हर्षवर्धन शर्मा, हर्षित बोदनी एवं भारी संख्या में पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी विहिप के जिला सामाजिक समरसता प्रमुख बाबाजी बौद्ध द्वारा दी गई।

### गोपेश बने युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** परशुराम जयंती की विशेष तैयारी के मध्य ब्राह्मण समाज ने गोपेश शर्मा को अपना युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष चुना। आभार भाषण में गोपेश शर्मा ने समाज द्वारा देशहित में किए गए योगदान को दोहराते समस्त ब्राह्मण समाज को लाल बहादुर शास्त्री और नितिन गडकरी जैसे नेताओं का अनुशरण करने की सलाह दी। ईशान शर्मा सचिव व प्रणव शर्मा कोषाध्यक्ष पद हेतु नियुक्त किए गए।




पृष्ठ 11 का शेष

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार...

केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यालय के सामने कांग्रेस के जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, कमलजीत सिंह पिंटू, मामराज अग्रवाल, सुदेश देशमुख, विभा साहू, रूपेश दुबे, सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी, अशोक फड़नवीस, रितेश जैन, संतोष पिल्ले, एजाजुर रहमान, शैलेश ठावरे, मनीष साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चौक के पास सजी थी...

ज्ञात हो कि थाना बसंतपुर को सूचना प्राप्त हुआ था कि इंदिरा नगर चौक के पास कुछ लोग ताश के पत्तों से रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया था।

उक्त टीम द्वारा इंदिरा नगर चौके पास घेराबंदी कर कार्रवाई किया गया।

### रानीसागर में संसाधन के साथ पहुंची एनडीआरएफ की टीम

# आपदा में बचाव के लिए किया पूर्वाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बारिश से पूर्व बाढ़ आपदा बचाव को लेकर शहर के रानीसागर में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल एनडीआरएफ की टीम ने अपने संसाधनों का इंटरनल प्रेक्टिस किया। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़ आपदा बचाव के दौरान काम आने वाले सभी संसाधनों को चलाकर उपयोग करते हुए टीम की तैयारी, त्वरित एक्शन और अन्य बारीकियो की समीक्षा की।

#### तैयारी की समीक्षा

एनडीआरएफ की टीम को पुराने संसाधनों को रिप्लेस कर कुछ नए इक्विपमेंट दिए गए हैं। इन इक्विपमेंट को परखने के लिए एनडीआरएफ की टीम ने आज प्रेक्टिस किया और अपनी तैयारी की समीक्षा की।



#### मोटरबोट के जरिये अभ्यास

एनडीआरएफ की टीम ने दो मोटरबोट के माध्यम से रानीसागर में अभ्यास किया। इस दौरान एनडीआरएफ के पास उपलब्ध सभी संसाधनों ने ठीक तरीके से काम किया।

#### गोताखोर ने लगाई डुबकी

एनडीआरएफ ने अपने प्रेक्टिस के दौरान रानीसागर में बचाव कार्य के लिए उपयोग में आने वाले अपने संसाधनों को परखा कि सभी संसाधन ठीक से कम कर रहे हैं या नहीं। इस दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर गोताखोर ने डुबकी लगाई।



**बैठक:** जिले में 16 अप्रैल से शुरू हुआ विशेष अभियान, छूटे नागरिकों के बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में छूटे हुए पात्र नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 16 अप्रैल से एक सप्ताह तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान की रूपरेखा तैयार कर ली गई है और इसे सफल बनाने के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि यह अभियान शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण के उद्देश्य से चलाया जाएगा। जिन लोगों का कार्ड अब तक नहीं बन पाया है, उनके कारणों की जानकारी संकलित कर एक सूची तैयार की जाएगी। साथ ही जिन कारणों से कार्ड निर्माण में दिक्कतें आ रही हैं उनका त्वरित निराकरण करते हुए सभी पात्र नागरिकों का कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने खास तौर पर वनांचल क्षेत्रों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता से बनवाने और उन्हें इस योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, सिकल सेल जागरूकता अभियान, चिराचु कार्यक्रम, गैर-संचारी रोग नियंत्रण एनआरसी और अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि लोगों की स्वास्थ्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सेवा भाव से कार्य करने और योजनाओं का समुचित लाभ आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत तीसरा चरण 5 मई से शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को कार्यों में प्रगति लाते हुए बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी देंगे और लाभ दिलाएंगे, जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं का क्रियान्वयन एक केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

### आयुष्मान व वंदना कार्ड की स्थिति की जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए



कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि योजनाओं में प्रगति लाकर आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर इलाज उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी की संख्या बढ़ाने, संस्थागत प्रसव के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने और हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान एवं वंदना कार्ड की स्थिति की जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिकल सेल कार्यक्रम के अंतर्गत छूटे हुए हितग्राहियों की पहचान कर विशेष जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने एएनएमए मितानीन के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने और नवाचारों के जरिए लोगों को जागरूक करने को कहा, ताकि सिकल सेल की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा मिल सके। इसके अलावा सीएचसी और पीएचसी में ओपीडी की संख्या बढ़ाने एवं संस्थागत प्रसव को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### आयुष्मान कार्ड बनवाने विशेष अभियान चलाया जाएगा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल राज ने जानकारी दी कि कबीरधाम जिले में आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत अब तक 84.58 प्रतिशत पात्र नागरिकों का पंजीयन पूरा हो चुका है। शेष लगभग 15.42 प्रतिशत राशन कार्डधारी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने राष्ट्रीय छह उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप किए गए कार्यों की जानकारी दी।


# पानी टंकी आगे की ओर झुकने से लोगों को दुर्घटना की आशंका

- निर्माण कार्य में अनेदखी व अनियमितता की जांच कर कार्यवाही की मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल-जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम बीजाझोरी में विशाल पानी टंकी का निर्माण क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया गया। वहीं जिम्मेदार ठेकेदारों की भारी अनदेखी व अनियमितता के कारण विशाल पानी टंकी आगे की ओर झुकने से ग्रामीण लोगों को दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीण घनाराम यादव ने बताया कि ग्राम बीजाझोरी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लाखों रूपए खर्चकर पानी टंकी का निर्माण कराया गया ताकि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल घरों-घर पहुंच सकें लेकिन पानी टंकी निर्माण कार्य के 1 वर्ष बाद अभी ना तो पानी टंकी की जांच जिम्मेदार व ठेकेदारों द्वारा किया गया जिसकें चलते निर्माण कार्य होने के बाद विशाल पानी टंकी आगे की ओर झुकने से रहवासियों को भारी जन हानि की आशंका बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा निर्माण कार्य में अनेदखी व अनियमितता की जांच कर कार्यवाही की मांग की गई, ताकि ग्राम बीजाझोरी के ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ मिल सके।



### बरबसपुर में धूमधाम से मनाया गया डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती



**हरिभूमि बरबसपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती ग्राम बरबसपुर में धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बाबा साहब के किए गए पूरे मानव समाज के प्रति कार्य और उनके योगदान को याद कर तैलचित्र में पूजा अर्चना व फूल माला से माल्यार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष पंचराम कोशले एवं विशेष अतिथि मुंगेश कोसरिया उपसरपंच प्रतिनिधि व राकेश भट्ट एवं संजय पोर्ते द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा शिक्षित बनो, गठित करो और संघर्ष करो वहीं जय भीम की जयघोष व नारा अंचल में गुंजते रहा। इस दौरान माखन कोसरिया, विजय राय, जगतारण नवरंग, अजय आडिल, रोशन भट्ट, गिरधारी टंडन, गोविंद गायकवाड़, राहुल घोंसले, सुरेश कोसले, एवं खेमसिंह डिंडोरे, रजनी बंजारे, ओमप्रकाश पोर्ते, पिंटू कोसरिया, मानक घृतलहरे एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑन लाइन आवेदन 25 अप्रैल तक आमंत्रित

**हरिभूमि कवर्धा।** हेमचंद विवि दुर्ग ने सत्र 2024-25 में अपने संबद्ध कॉलेज के बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी, गृहविज्ञान, बीबीए, बीसीए द्वितीय सेमेस्टर के नियमित व अनियमित अध्ययनरत विद्यार्थी से परीक्षा आवेदन शुरू कर दिए है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 25 अप्रैल तक विवि की अधिकृत वेबसाइट में किया जा सकता है।

### बोड़ला में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती

**हरिभूमि कवर्धा।** नगर पंचायत बोड़ला में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई। वहीं नगर के हृदय स्थल कहे जाने वाले शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के प्रांगण में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तथा डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों पर चलने का प्रण लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# बिना अनुमति बोर खनन पंडरिया तहसील में बड़ी कार्रवाई

## बोर खनन पर की गई त्वरित कार्रवाई, वाहन जप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गर्मी के मौसम में जिले में पेयजल संकट की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कबीरधाम जिला प्रशासन द्वारा ठोस पहल की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं पंडरिया एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार संजय मोध्या द्वारा ग्राम केशलमारा में बिना अनुमति कराए जा रहे बोर खनन पर त्वरित कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण निरंजन पिता राजेन्द्र द्वारा सिंचाई प्रयोजन के लिए खेत में बोर खनन कराया जा रहा था, सूचना मिलते ही राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की और बोर खनन कर रही वाहन क्रमांक 7288 को जब्त कर थाना कुण्डा को सुपुर्द कर दिया। पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने बताया कि इस तहत की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### जिला घोषित है जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र

उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में संभावित जलसंकट को देखते हुए कबीरधाम जिले को जलाभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 कमांक 3/1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है, जो 10 अप्रैल से 30 जून तक प्रभावशील रहेगा।

### नलकूप खनन पर सख्त प्रतिबंध

जारी आदेश के अनुसार उक्त अवधि में जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सक्षम प्राधिकृत अधिकारी की पूर्वानुमति के कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था नलकूप खनन नहीं कर सकेगी, चाहे वह पेयजल हो या अन्य किसी प्रयोजन के लिए। केवल शासकीय एजेंसियों जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा नगर पालिका परिषद कवर्धा एवं जिले की समस्त नगर पंचायतों को पेयजल प्रयोजन हेतु आंशिक छूट दी गई है, परंतु उन्हें भी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी। जिले में नलकूप खनन की अनुमति प्रदान करने हेतु कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम, कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र हेतु तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कवर्धा, सहसपुर लोहारा, पंडरिया व बोड़ला उपविभागों के ग्रामीण क्षेत्रों हेतु अधिकृत किए गए हैं। ये अधिकारी पेयजल संकट की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अनुमति प्रदान करेंगे।

# सकल जैन श्री संघ की नवीन कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन

- अध्यक्ष पद हेतु हरीश कुमार जैन को पुन: अध्यक्ष निर्वाचित।
- हरीश कुमार जैन पुन: अध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



पंडरिया में सकल जैन श्री संघ की आवश्यक परिचर्चा बैठक गत दिनों सोमवार को दादा बाड़ी परिषर पंडरिया में नवीन कार्यकारिणी सदस्यों के निर्वाचन हेतु आयोजित की गई। जिसमे ट्रस्ट के नियमानुसार सर्वप्रथम सभी सदस्यों की सहमति से श्री खरतरगच्छ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट पंडरिया के कार्यकारिणी सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन आम सहमति से कराने के पश्चात-सभी सदस्यों की आम सहमति से अध्यक्ष पद हेतु हरीश कुमार जैन को पुनः तीन वर्षों के लिए निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

तत्पश्चात सभी सदस्यों ने निम्नांकित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिसमें उपाध्यक्ष यशवंतराज बंगानी व ललित कुमार जैन, सचिव अशोक कुमार जैन, कोषाध्यक्ष महेन्द्र कुमार जैन, सह सचिव दीपक कुमार जैन एवं कार्यकारिणी सदस्यों में निम्नांकित सदस्यों का निर्वाचन किया गया। जिसमें सुरेश कुमार जैन, चंद्रविजय जैन, शिखरचंद जैन, अनिल कुमार जैन, विकास जैन, सिद्धार्थ जैन का चयन किया गया वहीं सभी सदस्यों के साथ पदाधिकारियों के निर्वाचन में निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जैन एवं चन्द्रकुमार जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी सदस्यों को सकल श्री संघ के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए संघ समाज के हित में कार्य करने हेतु अपील की गई। अंत में अध्यक्ष हरीश कुमार जैन ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने मुझ पर एवं कार्यकारिणी पर विश्वास करके जो जिम्मेदारी पुनः दी है, उस पर हम सभी आप सभी को विश्वास दिलाते है की संघ समाज के हित में हमेशा कार्यरत रहेंगें।

## राजस्व पखवाड़ा शिविर में हुआ किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को तहसील सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम नवघटा में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नवघटा, पटपर, दनियाखुर्द, राम्हेपुर, आमगांव, जरहाटोला, दलसाटोला और दरिगंवा ग्रामों के ग्रामीणो एवं किसानों ने भाग लिया। शिविर में किसानों और नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार किसान पत्रक उपलब्ध कराए गए, वहीं विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक उपयोग हेतु आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र भी तत्काल बनाए गए और वितरित किए गए। कलेक्टर ने बताया कि राजस्व पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविरों में जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश पर यह कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया रहा है। पहला चरण 7 से 21 अप्रैल, दूसरा चरण 13 से 27 मई, तीसरा चरण: 16 से 30 जून 2025 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिविर में हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए और इसका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

**भाजपा ने डॉ आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प**

# डॉ आंबेडकर सम्मान सभा व बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान गौरव दिवस के अवसर पर 15 से 25 अप्रैल तक चलाए जा रहे जिला स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रमों की श्रृंखला में कवर्धा स्थित विवेकानंद भवन में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विक्रांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक भी हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने डॉ अंबेडकर को हमेशा उपेक्षित किया, जबकि भाजपा ने उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा पूरे जिले में संविधान गौरव दिवस के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

यह अभियान डॉ अंबेडकर की स्मृति को सम्मान देने और उनके विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि बाबा साहेब को कांग्रेस ने राजनीतिक रूप से हराने और दरकिनार करने का कार्य किया, चाहे वह बॉम्बे प्रेसिडेंसी चुनाव हो, संविधान सभा का चुनाव या लोकसभा चुनाव। पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने डॉ अंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया, जिससे आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान और लोकतंत्र को सशक्त किया है, जबकि कांग्रेस ने उसका राजनीतिक उपयोग कर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया।

इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक, अधिवक्ता, चिकित्सक, शिक्षाविद, रिटायर्ड अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थें। सभा के अंत में उपस्थितजनों ने डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन संतोष पटेल जिला महामंत्री भाजपा तथा कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अशोक चंद्रवंशी कार्यक्रम प्रभारी किया, कार्यक्रम में चंद्रकुमार सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम में रिटायर्ड कर्मचारी गण का सम्मान किया गया।

# शादी-विवाह को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में वैवाहिक और मांगलिक कार्य शुरू होने से बाजार में शादी-विवाह के लिए खरीददारी से बाजार में रौनक बढ़ गई है वहीं शहर व क्षेत्र के हाट-बाजार अब शादियों के सीजन से गुलजार होने लगा है। लोग गहने, कपड़े और फर्नीचर सहित अन्य शादी-ब्याह के सामान की खरीददारी कर रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम के चलते बाजार में जमकर सामान की खरीददारी होने लगी है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले महीनों से सुस्त पड़े बाजार में लौटी-रौनक व सर्राफा बाजार में भी हो रही जमकर खरीददारी से एकाएक चमक आई है। साथ ही साथ सोना-चांदी के आभूषणों व बाजार में बर्तनों की दुकानों पर भी दिखने लगी भीड़ हुई है। कपड़ा बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र से लोग बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ खरीदारी करने शहर पहुंचे। शहर के विभिन्न क्षेत्र की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। वहीं क्षेत्र में शादी ब्याह के सीजन से बाजार में रौनक बढ़ गई है।



## अनदेखी: धड़ल्ले से बेंचा जा रहा है मिलावटी दूध, जांच की जरूरत


# शहरी क्षेत्रों में खपा रहे हैं क्या वह गुणवत्ता के मापदंडों में खरा है?

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

अमूमन देखने को मिलता है कि गर्मी के मौसम में दूध का उत्पादन अपेक्षाकृत कम हो जाता है। परंतु कबीरधाम जिले में भीषण गर्मी के बावजूद दूध के उत्पादन और सप्लाई में कहीं कोई कमी देखने को नहीं मिल रही है। बल्कि शादी, ब्याह जैसे दूसरे आयोजनों में भी मांग के अनुरूप दूध विक्रेताओं द्वारा उपभोक्ताओं को बड़ी आसानी से खुला दूध उपलब्ध करा दिया जाता है। स्थिति-परिस्थिति को देखते हुए यह एक बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर विपरीत मौसम में भी खुला दूध बेंचने वाले इन विक्रेताओं के पास इतनी बड़ी मात्रा में दूध आ कहां से रहा है? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि जिस दूध को दूध विक्रेता गांव-गांव से लाकर जिला मुख्यालय सहित जिले के शहरी क्षेत्रों में खपा रहे हैं क्या वह गुणवत्ता के मापदंडों में खरा है? यह अफसोस और हैरानी की बात है कि सीधे लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े होने के बावजूद इस व्हीआईपी जिले के निरकुश प्रशासन और खाद्य विभाग ने कभी इस सवाल का जवाब खोजने की कोशिश नहीं की।

ज्ञातव्य हो कि जिला मुख्यालय सहित कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया, लोहारा, पिपरिया, पाण्डातराई जैसे शहरी क्षेत्रों में खुले दूध की खासी मांग है। इस मांग को देखते हुए दूध के व्यवसाय से जुड़े ने वाले लोगों की भी संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। पहले सिर्फ गांव के लोग ही दूध लाकर सीधे उपभोक्ताओं को बेंचते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होता। इन दूध विक्रेताओं में से अधिकांशों ने उपभोक्ताओं से नाता तोड़ लिया है और अपना दूध हॉटल या फिर डेयरी संचालकों को थोक में बेंचने लगे हैं। जिसमें मिलावट की आशंका व्यक्त की जा रही है।

### दूध है पर दूध विक्रेताओं के पास दुधारू मवेशी नहीं



एक अनुमान के मुताबिक जिला मुख्यालय कवर्धा में दर्जनभर से अधिक डेयरी संचालक हैं। परंतु किसी भी डेयरी संचालक के पास दुधारू मवेशी नहीं है। डेयरी संचालक गांव वालों से थोक में उच्च क्वालिटी का दूध खरीदते हैं और बाद में उसे मनमाने दामों पर फुटकर उपभोक्ताओं को बेंचते हैं। बताया जाता है कि डेयरी संचालक गांव के दूध विक्रेताओं से जितना दूध खरीदते हैं उससे दो गुना दूध उनके द्वारा बेंचा जाता है। इस दूध को दो गुना बनाने तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं।

### दूध की मात्रा बढ़ाने अपनाए जाते हैं कई हथकंडे

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दूध की मात्रा बढ़ाने उसमें अमेरिकन पाऊडर, खसखस का बुरादा, दूध पाऊडर आदि मिलाया जाता है। डेयरी संचालकों के इस हुनर को अब गांव के दूध विक्रेताओं ने सीख लिया है और वे भी दूध में मिलावट करने लगे हैं। गांव के ये दूध वाले तो डेयरी संचालकों से भी एक कदम आगे निकल गए हैं। खबर मिली है कि इन्होंने अपने दूध की मात्रा बढ़ाने के लिए इन दिनों ग्रामीण अंचलों में डेरा डाले राजस्थानी मवेशी पालकों से संपर्क साध लिया है तथा उनसे ऊंट, भेंड़ का गाड़ा दूध खरीदकर उसे गाय, भैंस के दूध के साथ पानी मिलाकर खपा रहे हैं। डेयरी संचालकों और दूध विक्रेताओं के इन हथकंडों से निःसंदेह उनका मुनाफा कई गुना बढ़ गया है। जिला प्रशासन, खाद्य विभाग एवं सहकारी डेयरी उद्योग की निरंकुशता के चलते इन लोगों के व्यवसाय का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। परंतु न तो प्रशासन और न ही ये विक्रेता लोगों के स्वास्थ्य की परवाह कर रहे हैं।

# जंगल से भटकर आबादी क्षेत्र पहुंचे हिरन का कुत्तों ने किया शिकार

## जंगलों में दहक रही आग और पानी की कमी से वन्यप्राणी भटक रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

जिले के जंगलों में लगातार लग रही आग और उस पर वन्यप्राणियों के लिए पेयजल की किल्लत के चलते वन्यप्राणी भटकते नजर आ रहे हैं और काल के गाल में समा रहे हैं। बताया जाता है कि वन विभाग की इस घोर लापरवाही के चलते ही बुधवार को एक वन्य प्राणी हिरण की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर औपचारिकता पूरी करने पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत हिरण का शव अपने कब्जे में ले लिया है तथा पीएम के बाद उसे जलाने की बात कही जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह बोड़ला के शारदा नगर में वन्यप्राणी दो हिरण भटक कर आबादी क्षेत्र में पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गांव के आबादी क्षेत्र में पहुंचे एक हिरण ने तो भाग कर सुरक्षित स्थान में पहुंचकर अपनी जान बचा ली लेकिन दूसरे हिरण पर कुत्तो की नजर पड़ गई और कुत्तों ने हिरण को दौड़ा कर तथा उसे नौचकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद इसकी जानकारी क्षेत्रीय वन विभाग को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत हिरण के शव को जप्त कर लिया और आगे की कार्यवाही की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो वन विभाग की घोर लापरवाही तथा उदासीन रवैये के चलते जंगलों में लगातार आग लग रही है। जिसे बुझाने वन विभाग की टीम नकाम साबित हो रही है। जंगलों में लग रही इस आग के चलते जहां हरेभरे जंगल तथा दूसरी कीमती वनस्पति नष्ट हो रही है वहीं वन्यप्राणियों के सामने भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं भीषण गर्मी के इस दौर में जंगलों के प्रकृति जल स्त्रोज सूख चुके हैं या सूखने की कगार पर पहुंच चुके हैं जिसके चलते वन्य प्राणियों के सामने पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो रही है। बताया जाता है कि जंगलों में वन विभाग द्वारा वन्यप्राणियों के लिए पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। यही वजह है कि एक तरफ जंगलो में दहकती आग और दूसरी तरफ पानी की कमी से जूझ रहे वन्यप्राणी सुरक्षित स्टान तथा पानी की तलाश में जंगलों से भटकर जंगलों के आसपास आबादी क्षेत्रों की तरफ रूख कर रहे हैं और काल के गाल में समा रहे हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि वन विभाग वन्यप्राणियों की सुरक्षा की दिशा में कारगर कदम उठाए।


## खबर संक्षेप

### सत्यमेव जयते क्लब ने रक्तदान कर मनाया अम्बेडकर जयंती



**कवर्धा।** गत दिनों सत्यमेव जयते क्लब टीम ने भारतीय संविधान के शिल्पकार व भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती रक्तदान कर हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया। सत्यमेव जयते क्लब टीम द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर को याद कर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर समस्त वर्ग-समुदाय के कुशलता की कामना की। इस दौरान क्लब अध्यक्ष देवसिंह धुर्वे, उपाध्यक्ष परस कुशरे, नोकेश मधुकर, राजेश्वर मेरावी, सतीश कुमार पटेल, चंद्रपाल मेरावी व जिला चिकित्सालय से ब्लड बैंक डिपार्टमेंट के सुश्री सोनम चंद्रवंशी उपस्थित थें।

# ग्राम बिजई से सोनबरसा पहुंच मार्ग की हालत खस्ता, बरसात के पूर्व नवीनीकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶|बिजई

जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत बेहद जर्जर और खस्ताहाल हो चुके ग्राम बिजई से सोनबरसा पहुंच मार्ग की मरम्मत कराए जाने की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्रवासियों के लिए बेहद उपयोगी इस मार्ग का मरम्मत कार्य अभी हाल के ही महिनो में कराया गया था। लेकिन मरम्मत कार्य में संबंधित विभाग द्वारा बरती गई भारी अनियमितता व कोताही के चलते यह मार्ग मरम्मत के कुछ माह पूर्व ही दम तोड़ने लगा था और अब तो स्थिति ये है कि मार्ग में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। स्थिति ये है कि लोगों का इस मार्ग में आवागमन दूभर को चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग का उपयोग क्षेत्र के ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चों और किसानो द्वारा किया जाता है लेकिन मार्ग बेहद जर्जर और खस्ताहाल होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि अभी तो सूखे के दिन है लेकिन आने वाले वर्षाकाल में मार्ग की स्थिति और भी भयानक हो जाएगी। जिसे देखते हुए क्षेत्रवासियों ने शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से मार्ग का नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।

# दिवंगत पंचायत सचिव को संघ ने दी श्रद्धांजलि, भूख हड़ताल अनवरत जारी

## पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर 31 दिनों से हड़ताल पर डंटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर गत 18 मार्च से अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण किए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन तथा क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे जिलेभर के पंचायत सचिवों की हड़ताल 31 वें दिन भी बदस्तूर जारी रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश के सभी 146 विकासखंड में भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। बताया जाता है कि इस दौरान अपने हक और अधिकार की लड़ाई में कोरबा जिले के जनपद पंचायत पाली ग्राम पंचायत कुटेलामुडा से पंचायत सचिव राजकुमार कश्यप की भूख हड़ताल के दौरान मौत हो गई। इस घटना से पूरे प्रदेश के सचिवों में शोक व्याप्त है। जिला मुख्यालय कवर्धा में बुधवार को दिवंगत सचिव की आत्मशांति के लिए धरना स्थल पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर संघ के जिला पदाधिकारियों ने उपस्थित पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की उदासीनता तथा उपेक्षा से संघ में भारी नाराजगी व्याप्त है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि आज हम जिस मांग को लेकर संघर्षरत हैं उस मांग को मौजूदा भाजपा सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया है और सरकार बनते ही पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने का वादा किया था। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि पूरे एक महिने से अनिश्चितकालीन और अब भूख हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों की सुध लेने की फुर्सत सरकार के पास नहीं है। उन्होने आरोप लगाया कि सरकार ने अभी तक पंचायत सचिवों की मांग पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की है। जिससे पंचायत सचिवों में भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होने मन बना लिया है कि अब वे आर पार की लड़ाई लड़कर अपना हक लेंगे। हड़ताल के 31 वें दिन बड़ी संख्या में पंचायत सचिव धरना प्रदर्शन स्थल पर मौजूद थे।

# आत्मानंद स्कूल के शिक्षकों का वेतन, वरिष्ठता व पदोन्नति पर चर्चा


- टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि डीईओ से मिले।




हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी वाई. डी. साहू से मुलाकात कर सेजेस के शिक्षकों का वेतन, सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची व प्राथमिक प्रधान पाठक में पदोन्नति से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को आबंटन के अभाव में माह मार्च 2025 का मासिक वेतन आज पर्यन्त अप्राप्त है। जिले के सहायक शिक्षकों की एक अप्रैल 2025 की स्थिति में वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया प्रारंभ किया जावे। चर्चा के दौरान डीईओ ने बताया कि सेजेस स्कूलों के शिक्षकों के वेतन आबंटन हेतु ट्रेजरी में आवश्यक जानकारी जमा कर दिया गया है। वरिष्ठता सूची भी शीघ्र जारी कर दावा-आपत्ति लिया जाएगा। सेजेस स्कूलों के शिक्षकों के मासिक वेतन हेतु 6 करोड़ 68 लाख रुपए तथा शासकीय आदर्श कन्या उमावि कवर्धा डीडीओ अंतर्गत शिक्षकों के वेतन के संबंध में जिला कोषालय अधिकारी मिर्जा इस्तियाक अहमद बेग से चर्चा किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, राजकिरण चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, चतुर मेरावी, हुक्मीचंद धुर्वे, चिंताराम पटेल, दिलीप साहू आदि उपस्थित थे।

# नपा प्रशासन पंडरिया के उदासीन रवैया से नगरवासी परेशान



**हरिभूमि कवर्धा।** कहने तो अब नगर पालिका पंडरिया में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। लेकिन जहां तक नगर पालिका के कामकाज और व्यवस्थाओं की बात की जाए तो यहां सब कुछ पुराने ढर्रे पर गैर जिम्मेदाराना ढंग से ही चल रही है। इसकी एक बानगी नगर पालिका क्षेत्र के पुश चिकित्सालय के पास साफ देखी जा सकती है। बताया जाता है कि यहां नगरवासियों को जल आपूर्ति कराने के लिए बिछाई गई पाईप लाईन करीब महिने भर से फूटी पड़ी जिससे न सिर्फ प्रतिदिन हाजारों लीटर पेयजल की बर्बादी हो रही है बल्कि चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले मार्ग में जलभराव की भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। लेकिन इसे नगर पालिका प्रशासन तथा यहां काबिज सत्तारूढ़ दल के जनप्रतिनिधियों की घोर उदासीनता ही कहें की इस अव्यवस्था के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगरवासियों ने बताया कि इस पाईप लाईन को फूटे हुए करीब एक माह हो चुका है। लेकिन नगर पालिका ने इसे अभी तक दुरूस्त नहीं कराया गया है। जिससे पूरे मार्ग में पानी भर गया है और मार्ग से होकर गुजरने वाले स्कूली विद्यार्थियों से लेकर आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों के घरों में भी गंदा पानी घुस रहा है। नगरवासियों ने बताया कि वैसे तो इस तरह की आंखों देखी अव्यवस्था की नगरपालिका में शिकायत करने की भी जरूरत नहीं पडनी चाहिए और नगर पालिका प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को स्वयं होकर इस पर संज्ञान लेकर व्यवस्था तत्काल दुरूस्थ करानी चाहिए। लेकिन यहां स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि इतने गैर जिम्मेदार है कि वे लोगों द्वारा नियमानुसार शिकवा शिकायत किए जाने के बाद भी फूटी हुई पाईप लाईन को दुरूस्थ कराने कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं। जिसे देखकर ऐसा लगता है कि ट्रिपल इंजन की सरकार का नारा सिर्फ नगरीय निकाय चुनाव जीतने तक ही सीमित था। लोगों को आरोप है कि नगर पालिका परिषद पंडरिया में जब से मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर अभिषेक सिंह ठाकुर प्रभारी अधिकारी के रूप मे पदस्थ हुए है तब से निकाय क्षेत्र में नगरीय प्रशासन की व्यवस्था चरमराई हुई है तथा अनुभवहीन अधिकारी के लचर कार्यप्रणाली का खामियाजा आम नागरिक को अनेकों समस्याओं के रूप में भुखतनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व पानी टंकी सें सुचारु रूप सें जल आपूर्ति नहीं होने के कारण आधे सें अधिक पंडरिया शहर के बासिदों को 15 दिनों सें अधिक समय तक पीने कि के पानी के लिए तरसना पड़ा था।

## शिक्षा के साथ स्वच्छता को संस्कार में लाना आवश्यक : चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

# जिला शिक्षा अधिकारी और प्राचार्यों की अहम बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

नगर पालिका क्षेत्र के शैक्षणिक गुणवत्ता को ध्यान रखते हुए स्वच्छता की दिशा में भी कवर्धा शहर को अग्रणी रखना है हम सभी मिलकर बेहतर व शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ स्वच्छता को अपने संस्कार में बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करें। ताकि हमारा कवर्धा शहर की एक अलग पहचान स्थापित हो सकें । “सशक्त शिक्षा व्यवस्था और स्वच्छ वातावरण ही किसी भी समाज की उन्नति की नींव होते हैं। ”उक्त बातें आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्य एवं प्रधान पाठकों की आयोजित बैठक में कही।

### शिक्षा व स्वच्छता से शहर की पहचान

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कवर्धा के स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता में निजी स्कूल से बेहतर करके दिखाना है सरकारी स्कूल कैसे हो और कैसे बेहतरी के लिए कार्य कर सकते है इसके लिए सब मिलकर प्रयास करना होगा। स्कूल को सरकारी नहीं, असरकारी बनाने पर कार्य करे। अधिकारी केवल स्कूल का रजिस्टर बस चेक न करे, स्कूल की सही गुणवत्ता को चेक करे। उन्होनें उपमुख्यमंत्री की मंशा को साफ शब्दों में कहा कि शिक्षा गुणवत्ता पर लापरवाही करने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये है स्पष्ट है कि लापरवाही करने वाले कोई भी कार्यवाही तय है कोई बख्शे नही जायेगें। नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों के साथ आयोजित बैठक में कहा कि बेहतर शिक्षा, उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता और स्वच्छता ही किसी शहर की असली पहचान होती है। हमारा लक्ष्य है कि कवर्धा को इन तीनों क्षेत्रों में प्रदेश ही नहीं, देश भर में अग्रणी बनाया जाए। उन्होंने अपील किया कि स्वच्छता और गुणवत्ता शिक्षा को अपने व्यक्तिगत एवं संस्थागत संस्कार का हिस्सा बनाएं। हम सब मिलकर ही एक ऐसी पीढ़ी तैयार कर सकते हैं जो न केवल शिक्षित हो, बल्कि स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग हो।

### शिक्षा व स्वच्छता से शहर की पहचान

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी से अनुरोध करते हुए कहा कि कवर्धा शहर के सभी शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया जाये। ताकि उसका पहचान हो सके। डेॺस कोड लागू किये जाने को लेकर सभी प्रधान पाठकों, प्राचार्यो ने अपनी सहमति जताई। उन्होनें नैतिक शिक्षा को बढावा देने पर भी जोर दिया। उन्होनें कहा कि खेल-खेल में बच्चों को शिक्षा देने प्रोत्साहित करने को कहा। शासन से प्राप्त नियम निर्देशों का पालन करें, सभी बच्चों का ड्रेस कोड भी ध्यान में रखे, पालकों से संपर्क में रहे, बच्चों की गतिविधियों के बारे में चर्चा करते रहे। मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान हो, मै स्वयं स्कूलों में भोजन करूंगा। सरकार से मिलने वाले स्कूलों के समस्त अनुदान मद का सही उपयोग समस्त स्कूल और संकुल समन्यवक करे ताकि स्कूल के गुणवत्ता सुधार सके। उन्होनें सभी सरकारी मदों के खर्च का भौतिक सत्यापन किये जाने को कहा।

# रूपम देवांगन ने पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कवर्धा

पंडरिया क्षेत्र के होनहार खिलाड़ी रूपम देवांगन ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2025 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 53 किलो ग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 11 से 13 अप्रैल 2025 के बीच वन चेतना भवन, सकरी, बिलासपुर में आयोजित की गई थी, जिसका आयोजन छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा किया गया। रूपम ने स्क्वाट 120 किलो ग्राम, बेंच प्रेसः 85 किलो ग्राम] डेडलिफ्टः 150 किलो ग्राम में हिस्सा लिया। इन तीनों लिफ्टों का कुल योग 355 किलो ग्राम रहा, जिसने उन्हें इस प्रतियोगिता में टॉप पर पहुंचा दिया। यह जीत न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे पंडरिया क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। उनके समर्पण और कठिन परिश्रम को देखते हुए छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएल चांडवानी ने उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। दिलचस्प बात यह है कि रूपम का खुद का जिम भी पंडरिया में स्थित है, जहां वे न केवल स्वयं की ट्रेनिंग करते हैं, बल्कि अन्य युवाओं को भी प्रशिक्षित करते हैं। उनकी सफलता ने क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने रूपम को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।